an>

Title: Need to appoint teachers in 'Zila School'- the alma mater of the first President of India in Chapra district of Bihar and develop it as a model school.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) ः बिहार के छपरा जिला में स्थित ""जिला स्कूल"" का गौरवशाली इतिहास रहा है। इस स्कूल ने देश को पहला राष्ट्रपति दिया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने नौंवी और दसवीं कक्षा की पढ़ाई इसी विद्यालय से की थी। लेकिन आज इस विद्यालय की स्थिति दयनीय है। आज इस विद्यालय में कक्षाओं में पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक नहीं है। अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश दें ताकि इस विद्यालय में अविलंब शिक्षकों की तैनाती की जा सके। इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए केंद्रीय सहायता की भी मांग करता हूँ। मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से मांग करता हूँ कि वे समय निकाल कर इस विद्यालय का दौरा करें और अनिवार्य आर्थिक सहायता प्रदान करें।